# राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
# बिहार, पटना।

चतुर्थ तल, टेक्नोलॉजी भवन, विश्वेश्वरैया परिसर, बेली रोड, पटना–800015

**Website : www.sbtebihar.gov.in ; Email : sbtebihar@bihar.gov.in**

पत्रांक :–जे०के०(एस०बी०टी०ई०)11/2022– 2107 /पटना, दिनांक :– 23.06.2023

प्रेषक,

डॉ० चन्द्र शेखर सिंह,
सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
टेक्नोलॉजी, भवन, पटना–15.

सेवा में,

प्राचार्य,
सभी राजकीय पोलिटेकनिक।

विषय :– राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के अध्ययनरत प्रत्येक संकायों के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र/छात्राओं को **"मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार"** से पुरस्कृत करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय संकल्प संख्या–**950**, दिनांक–**06/03/2020**.

महाशय,

उपरोक्त विषयक राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के अध्ययनरत प्रत्येक संकायों के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र/छात्राओं को **"मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार"** से पुरस्कृत करने के लिए संस्थान में पुरस्कार वितरण समारोह प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त के दिन आयोजित किया जाना है। संस्थान के शीर्ष प्राप्त छात्रों की सूची पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करने के एक सप्ताह पूर्व संस्थानीय बेवसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

विभागीय संकल्प संख्या–**950**, दिनांक–**06/03/2020** द्वारा निर्धारित **"मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार"** नीति के आलोक में संस्थान के प्रत्येक संकायों के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र/छात्राओं की सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। अनुरोध है कि संबंधित प्राचार्य अपने स्तर से सूची का मिलान T.R. एवं अन्य अभिलेख से करते हुए विभागीय संकल्प संख्या–**950**, दिनांक–**06/03/2020** का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निर्धारित तिथि **15 अगस्त 2023** को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित की जाए एवं आयोजित समारोह का फोटो विभाग के **Whatsapp Group** पर प्रेषित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– विभागीय संकल्प संख्या–**950**, दिनांक–**06/03/2020**.
यथोक्त मेधा सूची।

विश्वासभाजन,
23/6/23
सचिव,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 2107 /पटना, दिनांक :– 23.06.2023

प्रतिलिपि :– 1. सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

2. निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

3. राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के सभी समन्वयक को सूचनार्थ।

4. श्री मिलिंद कुमार, प्रोग्रामर को सूची प्रेषित।

23/6/23
सचिव,

बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

## संकल्प

विषयः राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के अध्ययनरत मेधावी छात्र एवं छात्राओं को दिये जाने वाले राज्य स्तर एवं संस्थानवार "मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार" नीति।

1. **प्रस्तावना :–** राज्य के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के अध्ययनरत मेधावी छात्र एवं छात्राओं में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक संस्थान के सभी संकायों के शीर्ष प्राप्त तीन छात्र/छात्रा एवं राज्य स्तर पर सभी महत्वपूर्ण संकायों के तीन शीर्ष प्राप्त छात्र/छात्राओं को **"मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार"** से पुरस्कृत किया जायेगा।

2. **पात्रता के मानदण्ड :–**

(क) आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्ध राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद् बिहार से सम्बद्ध राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के सभी अध्ययनरत छात्र/छात्रा पुरस्कार प्राप्त करने की पात्रता रखेंगे।

(ख) राज्य स्तर पर निम्न संकाय यथा विद्युत अभि0/इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभि0, असैनिक अभि0, यांत्रिकी अभि0, कम्प्यूटर अभि0, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड संचार अभि0, के सभी सेमेस्टर में पूर्ण रुप से समापन के उपरान्त शीर्ष प्राप्त तीन छात्राओं को उपरोक्त वर्णित प्रत्येक संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

(ग) संस्थानान्तर्गत वार्षिक पुरस्कार के लिए यथाउल्लिखित संकाय में प्रत्येक वर्ष के दो सेमेस्टरों के योग प्राप्तांक के आधार पर शीर्ष प्राप्त तीन छात्र/छात्रा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

(घ) अभियंत्रण संस्थानान्तर्गत निम्न संकाय यथा विद्युत अभि0, कम्प्यूटर साईन्स, यांत्रिकी अभि0, असैनिक अभि0, सूचना प्रौद्योगिकी अभि0, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड संचार अभि0, इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स अभि0 लेदर टेक्नोलॉजी इत्यादि में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जा सकेगा।

(ङ) पोलिटेकनिक संस्थानान्तर्गत निम्न संकाय यथा विद्युत अभि0, कम्प्यूटर साईन्स, यांत्रिकी अभि0, असैनिक अभि0, सूचना प्रौद्योगिकी अभि0, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड संचार अभि0, इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स अभि0, वस्त्र अभि0, रसायन अभि0, मुद्रण

Scanned by CamScanner

प्रौद्योगिकी, सिरामिक अभि0, पोशाक डिजाईन एवं परिधान प्रौद्योगिकी इत्यादि में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के पात्र होंगे।

(च) पुरस्कार के लिए किसी भी सेमेस्टर में कोई कैरी/बैकलॉग/कृपांक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा इसके पात्र नहीं होंगे।

(छ) पुरस्कार प्राप्त करने वाले चयनित छात्र/छात्रा हेतु वर्गकक्ष में न्यूनतम उपस्थिति 80 प्रतिशत अनिवार्य होगी।

3. रैंक धारक :–

3.1 <u>राज्य स्तर पर</u>

(i) राज्य स्तर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के यथा उल्लिखित संकाय के शीर्ष छात्रों का चयन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रकाशितं परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/CGPA के आधार पर किया जायेगा।

(ii) राज्य स्तर पर राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के यथा उल्लिखित संकाय के शीर्ष छात्रों का चयन राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/CGPA के आधार पर किया जायेगा।

3.2 <u>संस्थान स्तर पर (राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में)</u>

(क) संस्थान स्तर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के यथा उल्लिखित संकाय के प्रथम वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

(ख) संस्थान स्तर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के यथा उल्लिखित संकाय के द्वितीय वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

(ग) संस्थान स्तर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के यथा उल्लिखित संकाय के तृतीय वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पॉचवें एवं छठे सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

(घ) संस्थान स्तर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के यथा उल्लिखित संकाय के चतुर्थ वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के सातवें एवं आठवें सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

Scanned by CamScanner

3.3 <u>संस्थान स्तर पर (राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान में)</u>

(क) संस्थान स्तर पर राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के यथा उल्लिखित संकाय के प्रथम वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

(ख) संस्थान स्तर पर राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के यथा उल्लिखित संकाय के द्वितीय वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

(ग) संस्थान स्तर पर राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान के यथा उल्लिखित संकाय के तृतीय वर्ष के शीर्ष छात्रों का चयन राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार के पाँचवें एवं छठे सेमेस्टर के प्रकाशित परीक्षाफल में प्राप्त संचयी प्रतिशत/SGPA के आधार पर किया जायेगा।

4. संकाय के शीर्ष प्राप्त छात्रों की सूची पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करने से एक सप्ताह पूर्व विभागीय बेवसाईट पर प्रकाशित कर दी जायेगी।

5. पुरस्कार :–

5.1 <u>राज्य स्तर पर</u>

(क) राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 1200/– का एक स्मृति चिन्ह रु0 5000/– का चेक एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

(ख) राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 1000/– का एक स्मृति चिन्ह रु0 4000/– का चेक एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

(ग) राज्य स्तर पर तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 800/– का एक स्मृति चिन्ह रु0 3000/– का चेक एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

5.2 <u>संस्थान स्तर पर</u>

(क) संस्थान स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 600/– का एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

(ख) संस्थान स्तर पर द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 500/– का एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

Scanned by CamScanner

(ग) संस्थान स्तर पर तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र/छात्रा को अधिकतम रु0 400/— का एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

6. पुरस्कार वितरण समारोह

6.1 <u>राज्य स्तर पर</u>

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के द्वारा राजकीय मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण समारोह प्रत्येक वर्ष अभियन्ता दिवस, 15 सितम्बर के दिन पटना में आयोजित किया जाएगा।

6.2 <u>संस्थागत स्तर पर</u>

संस्थानान्तर्गत शीर्ष छात्रों का पुरस्कार वितरण समारोह प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त के दिन संस्थान में आयोजित किया जाएगा।

**आदेश :— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प सभी संबंधित को दी जाय।**

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

6.3.2020

**सरकार के संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक–वि०प्रा०(वि०)विविध-18/2020 950 पटना, दिनांक – 6.3.2020

प्रतिलिपि :— कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना/ सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार/परियोजना निदेशक, बी0सी0एस0टी0, पटना/सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/ सभी विभागीय पदाधिकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सरकार के संयुक्त सचिव**

Scanned by CamScanner